तापमान
अधिकतम 31.4 डिग्री
न्यूनतम 16.6 डिग्री

हरिभूमि
# बालोद भूमि
रायपुर, सोमवार 25 मई 2026

बालोद | अर्जुंदा | गुंडरदेही | देवरी बंगला | डौंडीलोहारा | डौंडी | अंडा | गुरूर | दल्लीराजहरा | कलंगपुर | लाटाबोड़

12 निःशुल्क वेटलिफ्टिंग व पावर लिफ्टिंग शिविर का आग़ाज़

11 100 लीटर पर 5 लीटर ऑयल खरीदने की बाध्यता...





## खबर संक्षेप

### पत्नी का शराबी पति ने कमरा बंद कर दबाया गला सास-ससुर पर केस दर्ज

**बालोद।** पति के लगातार मारपीट से परेशान महिला ने अपने पति के खिलाफ रिपोर्ट लिखाई गई है। जिसमे पुलिस ने धारा 115(2), 296, 3(5), 351(3) बीएनएस के तहत रिपोर्ट दर्ज की है। ग्राम पार्री निवासी हुलसी ने पुलिस को बताया कि मेरी शादी फरवरी 2023 में ग्राम पार्री निवासी रेवन्त बारले से सामाजिक रिति–रिवाज के साथ हुई थी। वर्तमान में 02 साल की एक बेटी है, मेरे पति रेवन्त बारले तथा मेरी सास सोनबाई बारले व ससुर परदेशी राम बारले के द्वारा शादी के बाद से ही भिखारी एवं कंगाल घर से आयी हो बोलकर गाली गलौज कर मारपीट करते थे। मेरे पति रेवन्त बारले आये दिन शराब पीकर मुझे अनाब–शनाब बोलता था, फिर भी मैं मेरा पति है बोलकर सब सहती थी। रात्रि मेरे पति रेवन्त बारले शराब पीकर उक्त बात को लेकर मुझे गाली गलौज कर हाथ मुक्का से मारपीट किया, मेरी सास सोनबाई बारले व ससुर परदेशी राम बारले भी गाली गलौज किये है। मेरे पति आज तुझे जान सहित मारूंगा बोलकर रूम में बंद करके मारपीट कर गला दबा दिया था, जिसके कारण मेरे गाल, कान व गला के पास बहुत दर्द हो रहा है।

### नशे में धुत युवक ने घर में खड़ी बाइक में लगाई आग

**बालोद।** नशे के हालत में युवक ने अपने ही घर के बाईक पर आग लगा दी। जिसके बाद पिता द्वारा अपने बेटे के खिलाफ रिपोर्ट लिखाई गई है। जिसमे पुलिस ने धारा 326(जी) बीएनएस के तहत रिपोर्ट दर्ज कर लिया। ग्राम भैसबोड निवासी राज कुमार निषाद ने पुलिस को बताया कि कुछ दिनो पहले मेरा बेटा असवंत निषाद ने बहु चन्द्रकिरण निषाद के साथ लडाई झगडा किया था। शाम को मेरा बेटा असवंत निषाद नशे की हालत में घर आया। रात्रि मै, मेरी पत्नि रेखा निषाद, बहु चन्द्रकिरण निषाद के साथ खाना खाने के बाद बेटा असवंत निषाद दोबारा लडाई झगडा ना करे इस कारण छत में जाकर सो गये, बेटा असवंत निषाद अपने कमरे में था। रात्रि हमारे घर से धुआ निकलते देखे हमारे घर के अंदर हॉल में रखे मोटर साइकिल सीजी 24 एस 4155 से पेट्रोल के पाईप को असवंत निषाद ने निकाल कर मोटर सायकल में आग लगाकर सामने के दरवाजा को अंदर से बंद कर खिडकी के तरफ से भाग गया था। दरवाजा को ▶▶|शेष पेज 10

## विडंबना : बारिश आते ही 7 किमी का सफर हो जाता है 14 किलोमीटर

# कागजों में दो बार पास हुआ बजट, दुगुनी दूरी तय करने को मजबूर होंगे 25 गांवों के लोग



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

जिले के ग्राम नेवारीकला के ग्रामीणों की दशकों पुरानी मांग आज भी अधर में लटकी हुई है। शासन-प्रशासन के स्तर पर दो-दो बार बजट में स्वीकृति मिलने की जानकारी के बावजूद तांदुला नदी पर पुल का निर्माण अब तक शुरू नहीं हो सका है।

नतीजतन, इस वर्ष की बारिश में भी ग्रामीणों को सालों पुरानी भारी परेशानी और जलभराव की समस्या से दो-चार होना पड़ेगा। बजट में राशि पारित होने के बाद भी काम शुरू न होने से ग्रामीणों में व्यवस्था के खिलाफ भारी आक्रोश है। प्रत्येक वर्ष गर्मी के दिनों में नदी में पानी सूखने पर ग्राम पंचायत द्वारा नदी में अस्थाई रपटा का निर्माण किया जाता है, जिसके माध्यम से लोग मोटर सायकल व अन्य वाहनों से आना -जाना करते हैं। ग्राम से नदी मार्ग से जिला मुख्यालय की दूरी मात्र 7 किलोमीटर है, नदी में पानी सूखने की स्थिति में ग्रामीण जिला मुख्यालय आने के लिए नदी मार्ग का उपयोग करते है, लेकिन बारिश के मौसम में नदी में पानी आ जाने पर ग्रामीणो को टेकापार, पड़कीभाट बाईपास का उपयोग कर जिला मुख्यालय आना पड़ता है। जिससे ग्रामीणो को 14 किलोमीटर का सफर तय करना पड़ता है ऐसे में बारिश के दिनो से शुरू हुई यह समस्या नवंबर माह तक बनी रहती है।

जिसके कारण ग्रामीण राज्य बनने से पहले से ही ग्राम नेवारीकला स्थित तांदुला नदी मे पुल बनाने की मांग करते आ रहे है, ग्रामीणों की दशको पुरानी मांग को पर कुछ वर्षों से शासन प्रशासन का ध्यान भी गया है, ग्रामीणो को बताया गया कि नेवारीकला स्थित नदी में पुल की निर्माण के लिए शासन स्तर पर प्रस्ताव पास होने एवं बजट मे आ गया हैं, ऐसा दूसरी बार जानकारी मिली, लेकिन यह जानकारी मात्र सूचना तक सीमित है, निर्माण को लेकर अब तक कोई पहल आगे नही बढ़ पाई है।

ग्रामीणो मे चर्चा है कि पूर्व सरकार मे जिस प्रकार बजट मे पारित होने के बाद भी निर्माण नही हुआ कही वही स्थिति दूबारा निर्मित ना हो जाए तथा पुनः राशि स्वीकृति के बाद ग्रामीणो को अगले साल भी कई सालो से चली आ रही समस्या का सामना ना करना पड़े। इसलिए ग्रामीण जल्द पुल निर्माण की मांग कर रहे है।

### इन गांवों को मिलेगा सीधा लाभ, समय और ईंधन की होगी बड़ी बचत

ग्राम नेवारीकला की अर्थव्यवस्था जिला मुख्यालय पर निर्भर है, व्यापार के लिए कुम्हार, सब्जी उत्पादक, दुग्ध व्यापारियो को प्रतिदिन व दीपावली व तीज त्यौहारो मे बड़ी संख्या मे ग्रामीण जिला मुख्यालय आते है, साथ ही कर्मचारी व रोजी मजदूरी व विद्यार्थीयो को भी जिला मुख्यालय आने के लिए दिक्कतो का सामना करना पड़ता है। ग्राम नेवारीकला के तांदुला नदी में पुल निर्माण से जिला मुख्यालय आने के लिए ग्राम टेकापार, खैरवाही, पोण्डी, लोण्डी, लाटाबोड़, पैरी सहित 25 से अधिक ग्रामो को सीधा लाभ होगा। वही बघमरा, मेढ़की, ओरमा सहित दर्जन भर ग्राम नेवारीकला नदी मार्ग से सीधे दुर्ग मुख्य मार्ग मे पहुंचकर समय व ईंधन की बचत कर सकते हैं। जिससे दुर्ग से जिला मुख्यालय आने वालो को भी लंबी दूरी से निजात मिलेगा।

# अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

जिले के थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम अरौद पेट्रोल पंप के पास एक भीषण सड़क हादसे में एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई। बाइक से लौट रहे युवक को किसी अज्ञात वाहन ने जोरदार टक्कर मार दी और वाहन चालक मौके से फरार हो गया। पुलिस ने मृतक के भाई की शिकायत पर अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मिली जानकारी के अनुसार, ग्राम लोण्डी थाना व जिला बालोद निवासी रोशन लाल भारती ने पुलिस को बताया कि उसका बड़ा भाई रूपेश कुमार भारती 22 मई को अपनी मोटरसाइकिल क्रमांक सीजी 24 वी 9867 से ग्राम ओटेबंध में आयोजित एक रिकॉर्डिंग डांस कार्यक्रम में संचालन के लिए गया हुआ था।

■ रिकॉर्डिंग डांस कार्यक्रम से लौट रहा था घर

### मौके पर ही तोड़ा दम

टक्कर इतनी भयानक थी कि रूपेश के जबड़े, सीने और दाहिने जांघ पर बेहद गंभीर चोटें आई थीं, जिसके कारण उसने मौके पर ही दम तोड़ दिया। घटना के बाद अज्ञात वाहन चालक मौके से वाहन सहित फरार हो गया। पुलिस ने मृतक के भाई रोशन लाल भारती की रिपोर्ट पर अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 106(1) के तहत अपराध पंजीबद्ध कर लिया है। आरोपी चालक व वाहन की तलाश शुरू कर दी है।

### पेट्रोल पंप के पास मिला शव, मोटरसाइकिल भी क्षतिग्रस्त

घटना की जानकारी देते हुए मृतक के भाई रोशन ने बताया कि 23 मई की सुबह उसे फोन के माध्यम से सूचना मिली कि उसके बड़े भाई रूपेश कुमार भारती का ग्राम अरौद पेट्रोल पंप के पास एक्सीडेंट हो गया है। जब परिजन मौके पर पहुंचे, तो रूपेश का शव लहूलुहान हालत में पड़ा था और उसकी मोटरसाइकिल भी बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो चुकी थी।

### खड़ी बाइक को मोटर साइकिल ने मारी टक्कर मामला कायम, पुलिस ने शुरू की जांच

**बालोद।** सड़क किनारे बाइक खड़ी कर पीपल पत्ता तोड़ रहे व्यक्ति के वाहन को अन्य मोटर साइकिल ने ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर दिया। जिसके बाद पीड़ित व्यक्ति ने टक्कर मारने वाले मोटर साइकिल चालक के खिलाफ रिपोर्ट लिखाई है। जिसमें पुलिस ने धारा 305, 331(4) बीएनएस के तहत रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। वार्ड क्रमांक 13 आमापारा बालोद निवासी भीखूराम निषाद ने पुलिस को बताया कि 20 मई को शाम करीबन 6 बजे अपने मोटर साइकिल सीजी 24 एल 2443 से अपनी बेटी की दवाई बनाने के लिये टाऊन हाल बालोद के आगे लगे पीपल पेड़ के पत्ता को तोड़ने के लिये आया था। अपने मोटर साइकिल को मेनरोड़ किनारे खड़ी कर पीपल का पत्ता तोड़ रहा था। तभी शाम करीबन 06:15 बजे टक्कर होने की आवाज सुनकर अपनी मोटर साइकिल को देखा। मोटर साइकिल सीजी 07 एपी 5052 के चालक द्वारा लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाते हुए उसकी बाइक को टक्कर मारकर क्षतिग्रस्त कर दिया है।

# बच्चों को मोबाइल की लत से दूर रखने की जरूरत : नपा अध्यक्ष




हरिभूमि न्यूज ▶▶| दल्लीराजहरा

ब्रह्माकुमारी ज्ञानअंजलि भवन में 8 से 14 मई तक आयोजित सात दिवसीय 'नन्हे सितारे ग्रीष्म शिविर' का समापन उल्लास, उत्साह और भावनात्मक वातावरण के बीच संपन्न हुआ।

समापन समारोह में बच्चों ने चित्रकला, नाटक, कविता, गीत-संगीत और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से अपनी प्रतिभा का ऐसा प्रदर्शन किया कि उपस्थित लोग भावविभोर हो उठे। पूरे कार्यक्रम में बच्चों के भीतर आए सकारात्मक बदलाव, अनुशासन और संस्कारों की झलक स्पष्ट दिखाई दी। समारोह की अध्यक्षता नगर पालिका अध्यक्ष तोरण लाल साहू ने की। दीप प्रज्वलन के साथ कार्यक्रम की शुरुआत हुई, जिसके बाद बच्चों द्वारा तैयार की गई चित्रकला और रचनात्मक कलाकृतियों का अवलोकन किया गया। बच्चों की मेहनत, कल्पनाशीलता और सृजनात्मक क्षमता ने सभी को प्रभावित किया। अपने संबोधन में तोरण लाल साहू ने कहा कि आज के दौर में बच्चों को केवल पुस्तकीय शिक्षा ही नहीं, बल्कि संस्कार, अनुशासन और नैतिक मूल्यों की शिक्षा देना भी उतना ही आवश्यक है। उन्होंने कहा कि ग्रीष्मकालीन अवकाश का सदुपयोग करते हुए ब्रह्माकुमारी संस्था ने बच्चों के बौद्धिक, मानसिक और शारीरिक विकास की दिशा में ▶▶|शेष पेज 10 पर

■ दल्लीराजहरा के ग्रीष्म शिविर का समापन

### मन की चंचलता को सही दिशा देना जरूरी

सात दिवसीय शिविर प्रतिदिन सुबह 9 बजे से 10:30 बजे तक आयोजित किया गया, जिसमें कक्षा पांचवीं से आठवीं तक के बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। शिविर में चित्रकला, नाटक, खेल, कविता, संगीत, व्यक्तित्व विकास, नैतिक शिक्षा और चारित्रिक विकास जैसे विविध विषयों पर प्रशिक्षण दिया गया। चित्रकला का प्रशिक्षण आईटीआई शिक्षक गोपेश्वर सोनवानी द्वारा प्रदान किया गया, जिसे बच्चों ने बेहद रुचि के साथ सीखा। शिविर की संचालिका पूर्णिमा बहन ने कहा कि मन अत्यंत चंचल होता है और उसे सही दिशा देना आवश्यक है। एकाग्रता, सकारात्मक सोच और आत्मसंयम के माध्यम से जीवन की कठिन परिस्थितियों पर सहजता से विजय पाई जा सकती है। उन्होंने बच्चों को सदैव अच्छे संस्कारों और सकारात्मक विचारों के साथ आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। समापन समारोह ने यह संदेश दिया कि ▶▶|शेष पेज 10 पर

### बोरी में ठेकेदारी के पैसों के हिसाब पर विवाद

**बालोद।** परिवारिक बातचीत के दौरान दो पक्षो में गाली गलौज व मारपीट हो गई। जिसके बाद पीड़ित महिला ने मारपीट करने वाले के खिलाफ रिपोर्ट लिखाई है। जिसमें पुलिस ने धारा 115(2), 296 बीएनएस के तहत रिपोर्ट दर्ज कर ली है। ग्राम बोरी निवासी सत्याबाई यादव ने पुलिस को बताया कि रात्रि मेरे पति प्रदीप कुमार यादव के सांथ मेरे ससुर दीनबंधु यादव ठेकेदारी में काम के रूपयों का हिसाब पूछकर लडाई झगडा कर रहा था, तभी मै अपने पति प्रदीप कुमार यादव को बोली कि तुम अकेले काम किया करो, अपने पिता के साथ काम मत करना, कहने पर मेरे ससुर दीनबंधु यादव ने तुम हमारे बीच में बोलने वाली कौन होती हो कहकर मुझे गाली देकर हाथ मुक्का से मारपीट किये, जिससे ▶▶|शेष पेज 10 पर






# चचेरे भाई पर जानलेवा हमला, 10 साल की सजा

## दोनों पक्षों के बीच थी पारिवारिक विवाद

हरिभूमि न्यूज ⏭पाटन



अमलेश्वर थाना क्षेत्र के ग्राम झीट में पारिवारिक विवाद के चलते अपने चचेरे भाई पर जानलेवा हमला करने वाले आरोपी को न्यायालय ने 10 वर्ष के सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। यह फैसला अपर सत्र न्यायाधीश दुलार सिंह निर्मलकर की अदालत ने सुनाया। मामले में शासन की ओर से अतिरिक्त लोक अभियोजक शेखर वर्मा ने पैरवी की।

प्राप्त जानकारी के अनुसार 14 जुलाई 2025 को दोपहर करीब डेढ़ बजे झीट निवासी हुसैन मोहम्मद अपने पुत्र इकबाल मोहम्मद के साथ बाजार चौक स्थित दुकान में बैठे हुए थे। इसी दौरान उनका छोटा भाई का बेटा अनीस उर्फ हनीफ मोहम्मद वहां पहुंचा और पारिवारिक विवाद को लेकर गाली-गलौच करने लगा। आरोपी ने हुसैन मोहम्मद को जान से मारने की धमकी भी दी और वहां से चला गया।कुछ समय बाद आरोपी दोबारा मोटरसाइकिल से दुकान पहुंचा। इस बार वह अपने साथ तलवारनुमा लोहे का चापड़ा लेकर आया था। आरोपी ने हुसैन मोहम्मद पर ताबड़तोड़ हमला कर दिया, जिससे उनके सिर और पेट में गंभीर चोटें आईं। घटना के बाद आरोपी मौके से फरार हो गया। घायल हुसैन मोहम्मद को खून से लथपथ हालत में तत्काल अस्पताल पहुंचाया गया।

मामले की सूचना पर अमलेश्वर पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया। विवेचना पूर्ण होने और दोनों पक्षों की दलील सुनने के बाद न्यायालय ने आरोपी अनीस उर्फ हनीफ मोहम्मद को हत्या के प्रयास के मामले में 10 वर्ष के सश्रम कारावास की सजा सुनाई। वहीं आर्म्स एक्ट के तहत भी आरोपी को 3 वर्ष के कारावास से दंडित किया गया है।

# अब गांव में भी कैमरे की निगरानी, बढ़ी सुरक्षा

## औंसर-डिघारी में लगे 15 कैमरे

हरिभूमि न्यूज ⏭सेलूद





ग्राम पंचायत औंसर-डिघारी में सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत बनाने एवं गांव में निगरानी बढ़ाने के उद्देश्य से प्रमुख स्थानों पर 15 सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं। इस पहल से ग्रामीणों में सुरक्षा को लेकर विश्वास बढ़ा है तथा गांव में होने वाली गतिविधियों पर बेहतर निगरानी रखी जा सकेगी। ग्राम पंचायत द्वारा मुख्य चौक, पंचायत भवन, स्कूल, सार्वजनिक स्थानों एवं आवागमन वाले क्षेत्रों में सीसीटीवी कैमरे स्थापित किए गए हैं। सरपंच प्रियालता महिपाल ने बताया कि इस व्यवस्था से असामाजिक गतिविधियों पर नियंत्रण रखने, चोरी जैसी घटनाओं की रोकथाम करने तथा गांव में शांति एवं व्यवस्था बनाए रखने में मदद मिलेगी। आने वाले समय में अन्य जगहों पर भी कैमरे लगाए जाएंगे। जल्द ही इसे पुलिस विभाग की त्रिनेत्र एप से भी जोड़ा जाएगा।ग्रामीणों ने पंचायत की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि आधुनिक तकनीक के उपयोग से गांव की सुरक्षा व्यवस्था और अधिक मजबूत होगी।

## खबर संक्षेप

### बीटकॉईन में निवेश का झांसा देकर 7.50 लाख की ठगी गिरफ्तार



**भिलाई।** बीटकाईन का झांसा देकर ठगी करने वाले युवक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। शिक्षक नगर दुर्ग निवासी देवकी सोनकर ने शिकायत किया कि आरोपी चंगोराभाठा रायपुर निवासी पीलादास मानिकपुरी द्वारा बीटकॉईन में निवेश कर प्रतिमाह 12 से 13 प्रतिशत लाभ दिलाने का झांसे में आकर अलग-अलग समय में कुल 7.50 लाख रुपये नगद एवं यूपीआई माध्यम से रकम दिया गया। विवेचना के बाद पुलिस ने आरोपी पीलादास मानिकपुरी को चिन्हित कर रायपुर से पुलिस अभिरक्षा में लिया गया। पूछताछ करने पर आरोपी ने घटना को अंजाम देना स्वीकार किया। उसके पास से मोबाइल फोन भी जब्त किया गया। पुलिस आम नागरिकों से अपील करती है कि किसी भी प्रकार के निवेश, ऑनलाइन ट्रेडिंग, अधिक लाभ के प्रलोभन में आने से पूर्व संबंधित संस्था एवं व्यक्ति की सत्यता की जांच अवश्य करें।

### अवैध शराब के साथ आरोपी गिरफ्तार



**भिलाई।** अवैध शराब के साथ व्यक्ति को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। भिलाई तीन पुलिस ने बताया कि मुखबिर से सूचना मिली कि उम्दा पीएम आवास स्थित किराना दुकान में अवैध रूप से शराब बेचा जा रहा है। पुलिस टीम पहुंची और आदर्श नगर भाठापारा चरौदा निवास रज्जाक मोहम्म कोी पकड़ा गया। उसके पास से पुलिस ने बोरी में रखे 36 पौवा शोले मसाला देशी शराब जब्त किया। जिसकी कीमत 3600 रुपये आंकी गई है।

### एक्सकेवेशन कार्यों की सुरक्षा लार्ज ग्रुप इंटरेक्शन

**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र के ज्ञानार्जन एवं विकास केंद्र के सभागार में एक्सकेवेशन कार्यों से संबंधित सुरक्षा विषय पर लार्ज ग्रुप इंटरेक्शन (एलजीआई) का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि मुख्य महाप्रबंधक देबदत्त सतपथी थे। विभागीय कर्मियों को सुरक्षा मानकों को लेकर जागरुक किया गया। उप महाप्रबंधक अशोक जसवानी ने एक्सकेवेशन कार्यों के दौरान उत्पन्न होने वाले संभावित खतरों एवं जोखिमों पर जानकारी दी। बीएन झा ने संयंत्र क्षेत्र में उत्खनन कार्यों के दौरान अपनाई जाने वाली आवश्यक सावधानियों, संरचनात्मक सुरक्षा तथा समन्वित कार्यप्रणाली के बारे में बताया। कार्यक्रम का संचालन अजय टल्लू एवं श्री अनुराग पाठक ने किया।

### टीबी मरीजों को बांटी न्यूट्रिशन किट

**दुर्ग।** जामुल सीमेंट वर्क्स ने अपनी सीएसआर स्वास्थ्य पहल के तहत दुर्ग जिले के 100 टीबी मरीजों को न्यूट्रिशन किट का वितरण किया। इस पहल का उद्देश्य टीबी मरीजों को समुचित पोषण सहायता देकर उनके शीघ्र स्वास्थ्य लाभ में सहयोग करना और टीबी मुक्त भारत अभियान को जमीनी स्तर पर मजबूत करना है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मनोज दानी की उपस्थिति में जामुल सीमेंट वर्क्स की ओर से सीएसआर प्रमुख जामिल अख्तर खान और उनकी टीम ने मरीजों को किट प्रदान की।

## बढ़ते जलसंकट से मिली निजात, वार्डवासियों ने जताया आभार

# वार्ड-7 के रहवासियों को मिली राहत नए बोर से आ रहा है भरपूर पानी

हरिभूमि न्यूज ⏭कुम्हारी



वार्ड क्रमांक 07 में संचालित बोर खराब हो जाने के कारण पेयजल की समस्या बढ़ती जा रही थी जल संकट की स्थिति में इसके तत्काल निवारण हेतु बोर खनन कराया गया था लेकिन वह भी ड्राई हो गया साथ ही पूर्व में हुए बोर की सफाई भी की गई मगर यह प्रयास भी असफल रहा। वार्ड में जल आपूर्ति के लिए अस्थायी रूप से रोजाना 8 से 10 टैंकर जल की व्यवस्था की जा रही थी लेकिन फिर भी वार्ड क्रमांक 07 की माताएं बहने एवं रहवासियों की जल आपूर्ति की समस्या बनी हुई थी इसी बात को लेकर बर्फ की महिलाओं ने समस्या निवारण शिविर में नाराजगी जताते हुए इस समस्या को लेकर आवेदन भी दिया था अतः इस समस्या को तत्काल दूर करने नगर पालिका परिषद की अध्यक्ष श्रीमती मीना वर्मा एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी नेतराम चंद्राकर की अनुशंसा से एक और नए बोर खनन का कार्य किया गया। वार्डवासियों को जो असुविधा पर खेद व्यक्त करते हुए जल प्रभारी अश्वनी देशलहरे ने शुक्रवार की मध्य रात्रि स्वयं मौके में उपस्थित रहकर बोर खनन करवाया। इस मौके पर पालिका अध्यक्ष, जल प्रभारी, वार्ड पार्षद लता खैरवार एवं वार्ड की महिलाओं ने पूजा अर्चना कर इसे प्रारम्भ किया गया और यह बोर पूरी तरह सफल रहा और लोगों को जल संकट से मुक्ति मिल गई। जल प्रभारी अश्वनी देशलहरे ने बताया कि अब इससे वार्डवासियों की समस्याएं दूर होंगी और लोगों को जल संकट से निजात मिलेगा। पानी मिलने से रामनगर वार्ड 07 के लोगों ने राहत की सांस ली और जनप्रतिनिधियों को धन्यवाद दिया। इस भीषण गर्मी में लोगों ने राहत की सांस ली। इस मौके पर सुजीत यादव, सूरज यादव, नगरपालिका के राजेश देवांगन पाइप लाइन टीम सहित वार्ड वासी नीरा साहू, दुकलहिन विश्वकर्मा, उर्मिला साहू, वागेश्वरी साहू सहित वार्ड वासी उपस्थित रहे। पालिका प्रशासन के मुख्य नगर अधिकारी नेतराम चंद्राकर ने जानकारी दी कि टैंकरों में जो लीकेज की समस्या थी उसे भी तत्परता से दुरुस्त करवा लिया गया है। अब टैंकरों द्वारा बिना लीकेज के जिस जिस वार्ड में पानी की समस्या हैं वहां पानी सप्लाई किया जा रहा हैं।

# क्रांति सेना के कार्यकर्ताओं के खिलाफ पुलिस ने किया जुर्म दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई



शंकराचार्य मेडिकल कॉलेज के डॉक्टर के खिलाफ कार्रवाई की मांग को लेकर छत्तीसगढ़ क्रांति सेना के कार्यकर्ता स्मृति नगर चौकी पहुंचे थे। जहां कार्यकर्ताओं ने चौकी में घुसकर जमकर नारेबाजी, कर्मियों से बहस कर रहे थे। इसे लेकर पुलिस ने कार्यकर्ताओं के खिलाफ जुर्म दर्ज किया है। पुलिस ने बताया कि पुलिस कर्मियों से अभद्रता की और शासकीय कार्य में कार्यकर्ता बाधा डाल रहे थे। जिसमें संगठन के चेतन चंदेल, राहुल वर्मा, सतीश, जागेश्वर वर्मा, नेमचंद, अप्पू मेश्राम एवं अन्य कार्यकर्ता पर पुलिस ने कार्रवाई किया है। चौकी में कार्यकर्ताओं के साथ हुए विवाद का वीडियो सोशल मीडिया में जमकर वायरल हो रहा है। वीडियो में सीएसपी सत्यप्रकाश तिवारी और क्रांति सेना के पदाधिकारियों के बीच जमकर बहस होता दिख रहा है। चौकी प्रभारी राजेश साहू प्रदर्शनकारियों को पहले समझाने का प्रयास किया। इसके बाद ही सुपेला थाना प्रभारी ने भी लोगों सो समझाया लेकिन कार्यकर्ता नहीं माने। तब सीएसपी ने प्रदर्शनकारियों को परिसर से बाहर निकाला। तब सीएसपी सत्यप्रकाश तिवारी थाना परिसर में एक अन्य मामले में दो पक्षों के बीच चर्चा करवा रहे थे। शोर-शराबा सुनकर वे बाहर आए और प्रदर्शनकारियों को समझाने का प्रयास किया। लेकिन प्रदर्शनकारी उनसे भी बहस करना शुकु कर दिया। उनकी मांग थी कि डॉक्टर के खिलाफ कार्रवाई की जाए। विवाद बढ़ने पर सीएसपी ने प्रदर्शनकारियों को परिसर से बाहर खदेड़ दिया। पुलिस ने भूपेन्द्र साहू की शिकायत पर डॉक्टर अनुराग चंद्राकर अपने कर्मियों के साथ पहुंचे और कार में स्क्रैच लगाने की बात को लेकर गाली-गलौज कर मारपीट की।

- मामला स्मृति नगर चौकी का, जमकर हुआ था विवाद

**जुर्म दर्ज किया गया है**

आरक्षक की शिकायत पर चेतन चंदेल और उनके साथियों के खिलाफ पुलिस ने जुर्म दर्ज किया है। संगठन के लोग पुलिस पर एकतरफा कार्रवाई का दबाव बना रहे थे। डॉक्टर और अस्पताल कर्मियों के बीच हुए विवाद में दोनों पक्षों की शिकायत मिली थी। पुलिस जांच के बाद कार्रवाई की गई।

-सत्य प्रकाश तिवारी, सीएसपी भिलाई नगर

# दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए प्रशिक्षण मॉक ड्रिल और सुरक्षा ऑडिट जरूरी

## कला मंदिर में हुई औद्योगिक सुरक्षा कार्यशाला

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई



जिले के खतरनाक और अति खतरनाक कारखानों में सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत बनाने के लिए कला मंदिर में औद्योगिक स्वास्थ्य और सुरक्षा कार्यशाला आयोजित की गई।

कार्यशाला में उद्योगों के अधिकारियों के साथ कारखानों में होने वाली दुर्घटनाओं की रोकथाम, श्रमिकों की सुरक्षा तथा औद्योगिक सुरक्षा मानकों के पालन को लेकर विस्तृत चर्चा हुई और नवाचारों पर मंथन किया गया। इस दौरान विभिन्न उद्योगों से पहुंचे अधिकारियों ने अपने-अपने संस्थानों में किए जा रहे कार्यों, औद्योगिक सुरक्षा के लिए अपनाए जा रहे उपायों तथा सुरक्षा व्यवस्था को और प्रभावी बनाने के संबंध में अपने विचार साझा किए। साथ ही औद्योगिक सुरक्षा को लेकर किए जा रहे विभिन्न नवाचारों और पहलों की जानकारी भी दी।कार्यशाला की अध्यक्षता कलेक्टर अभिजीत सिंह ने की। इस दौरान पुलिस अधीक्षक विजय अग्रवाल, भिलाई इस्पात संयंत्र के मुख्य महाप्रबंधक पीआर भल्ला, औद्योगिक स्वास्थ्य एवं सुरक्षा के उप संचालक मनीष कुंजाम सहित बीएसपी के अधिकारी और जिले के विभिन्न उद्योगों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

कार्यशाला में कारखानों में होने वाली दुर्घटनाओं की रोकथाम, श्रमिकों की सुरक्षा तथा औद्योगिक सुरक्षा मानकों के पालन को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। कलेक्टर अभिजीत सिंह ने कहा कि औद्योगिक इकाइयों में श्रमिकों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए। उन्होंने सभी उद्योग प्रबंधन को सुरक्षा मानकों का कड़ाई से पालन करने तथा श्रमिकों को सुरक्षित कार्य वातावरण उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए प्रशिक्षण, मॉक ड्रिल और सुरक्षा ऑडिट अत्यंत आवश्यक हैं। विभागीय अपेक्षाओं, उद्योगों को दिए जाने वाले सहयोग तथा औद्योगिक सुरक्षा व्यवस्था को और प्रभावी बनाने के विभिन्न पहलुओं पर विस्तार से चर्चा की गई। एजेंडावार विषयों की विस्तृत समीक्षा कर उन्हें प्रभावी रूप से क्रियान्वित करने पर जोर दिया गया।

# ऑटो मोबाइल कारोबारी के साथ 20 लाख की ठगी, अपराध दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

आटो मोबाइल कंपनी को साइबर ठगों ने निशाना बनाकर लाखों रुपए का ठगी करने का मामला सामने आया है। शिकायत के बाद पुलिस ने अपराध दर्ज कर जांच में लिया है। सुपेला पुलिस ने बताया कि साईराम व्हील्स प्राइवेट लिमिटेड डायरेक्टर यश बत्रा हैं। उनकी कंपनी के शोरूम दुर्ग, भिलाई, रायपुर, राजनांदगांव में संचालित हैं। कंपनी के संचालन में उनके पिता श्रीचंद बत्रा,मां ज्योति बत्रा भी इनमें डायरेक्टर हैं। कंपनी के सभी ब्रांचों का लेनदेन की जिम्मेदारी 13 साल से अकाउंटेंट मेष पटेल करते आ रहें है। कंपनी के डायरेक्टर और अकाउंटेंट के बीच भुगतान,रकम ट्रांसफर को लेकर एक व्हाट्सएप ग्रुप भी बना हुआ है। किसी भी पेमेंट से पहले डायरेक्टरों की मंजूरी ली जाती थी। यश बत्रा के पिता श्रीचंद बत्रा अपनी बहन से मिलने ऑस्ट्रेलिया गए थे। 21 मई की दोपहर एक अज्ञात मोबाइल नंबर से अकाउंटेंट मेष पटेल को मोबाइल पर व्हाट्सएप मैसेज आया। उस नंबर में श्रीचंद बत्रा की फोटो और डीपी लगी हुई थी। मैसेज में एक एचडीएफसी बैंक खाते की जानकारी भेजी गई। कंपनी के एसबीआई अकाउंट में बेनिफिशियरी के रूप में जोड़ने कहा गया। अकाउंटेंट ने मैसेज भेजने वाले से पूछा कि क्या इस खाते को साईराम व्हील्स के अकाउंट में जोड़ना है। सामने वाले ने खुद को डायरेक्टर बताते हुए हां कह दिया। इसके बाद 20 लाख रुपए खाते में ट्रांसफर करने के निर्देश दिए। अकाउंटेंट ने कंपनी डायरेक्टर का आदेश मानते हुए कंपनी के एसबीआई करंट अकाउंट से एचडीएफसी के खाते में 20 लाख रुपए ट्रांसफर कर दिए। दोबारा ठग का कॉल आने पर उसने 48 लाख रुपए ट्रांसफर करने को कहा तब अकाउंटेंट ने यश बत्रा से जानकारी ली। यश ने तुरंत अपने पिता श्रीचंद बत्रा से फोन पर बात की। तब पता चला कि उन्होंने किसी तरह के पेमेंट के लिए नहीं कहा था। परेशान होकर शिकायत पुलिस से किया गया।

- सुपेला पुलिस ने दर्ज किया अपराध, की जा रही जांच

## अंचल की खबरें

### श्रद्धांजलि सभा में याद किए गए विनोद बाबू

**उतई।** दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम हनोदा स्थित गायत्री ज्ञान मंदिर में गायत्री परिवार छत्तीसगढ़-उड़ीसा जोन के संरक्षक, युगऋषि के समर्पित साधक एवं प्रखर वक्ता स्व. कृष्ण कुमार विनोद बाबू की स्मृति में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम संचालक देवी प्रसाद साहू ने बताया कि ग्राम हनोदा व आसपास के क्षेत्र में गायत्री परिवार की स्थापना एवं परिजनों को संगठित करने में महत्वपूर्ण भूमिका रही। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से जिला पंचायत दुर्ग सभापति श्रद्धा साहू, ग्राम सरपंच लक्ष्मी साहू, उपसरपंच प्रकाश पटेल, गायत्री परिवार दुर्ग के जिला समन्वयक लोकनाथ साहू, दुर्ग ग्रामीण ब्लॉक समन्वयक डॉ. एन.के. सिन्हा, वरिष्ठ कार्यकर्ता डॉ. सी.एल. साहू, विकास चंद्राकर, गोवर्धन साहू, राधेश्याम साहू, फुदुकराम साहू, मन्नूलाल साहू, गिरधर साहू, टीकम चंद्राकर, विमल साहू, प्रेमलाल साहू, बुद्धेश्वर साहू, विक्की साहू, रमाकांत देशमुख, रमेश्वर निषाद, टेमन साहू, दानेश्वर यादव, राजेश साहू, राकेश साहू, परमानंद चंद्राकर, खिलेश चंद्राकर, यामिनी चंद्राकर, गीतांजली साहू, राजकुमार साहू, ईश्वरी पटेल, मन्नू पटेल, देवी प्रसाद साहू, प्रज्ञानंद साहू, भेषराम पटेल, राहुल साहू, अरुण बघेल, बसंती कुंभकार, मधुबाला चंद्राकर एवं जागृति चंद्राकर सहित अनेक गणमान्यजन उपस्थित रहे।

### आश्रम के बच्चों संग बांटी खुशियां

**सेलुद।** ग्राम रूही के पूर्व सरपंच सुरेश सिंगौर एवं ईश्वरी सिंगौर के पुत्र युवा समाजसेवी राजा सिंगौर ने अपना जन्मदिन रायपुर स्थित सेवा भारती मातृ छाया आश्रम में बच्चों के साथ मनाकर समाज सेवा का संदेश दिया। इस अवसर पर राजा सिंगौर ने आश्रम में रहने वाले बच्चों के साथ केक काटकर जन्मदिन मनाया तथा बच्चों को मिठाई और विभिन्न उपहार वितरित किए। बच्चों के बीच पहुंचकर उन्होंने उनसे आत्मीय मुलाकात की और खुशियां साझा कीं।

# दुर्ग के विद्यार्थियों ने बारहवीं सीबीएसई बोर्ड में लहराया परचम

**भिलाई।** दिल्ली पब्लिक स्कूल दुर्ग ने बारहवीं सीबीएसई बोर्ड परीक्षा 2026 में एक बार फिर बेहतरीन नतीजे हासिल किए हैं। स्कूल ने अपनी एक अलग पहचान बनाई है। यहां के विद्यार्थियों ने कई विषयों में विशेष योग्यता हासिल की है। कामर्स और साइंस संकायों में विद्यार्थियों ने गौरवपूर्ण उपलब्धि दिलाई है।

- कामर्स में सिद्धार्थ, कला में मनतृप्त और विज्ञान संकाय में पीयूष प्रथम

दिल्ली पब्लिक स्कूल दुर्ग के स्कूल प्रबंधन, निदेशक, प्रधानाचार्य और शिक्षकों ने इन उपलब्धि हासिल करने वाले छात्रों और अन्य सभी छात्रों को उनके बेहतरीन नतीजों के लिए हार्दिक बधाई और आशीर्वाद दिया है। उन्होंने उम्मीद जताई है कि वे नए जोश और उत्साह के साथ उत्कृष्टता की इस यात्रा को आगे भी जारी रखेंगे। विद्यालय में कुल 254 विद्यार्थी परीक्षा में शामिल हुए। जिनमें 127 विद्यार्थियों ने विशेष अंक प्राप्त कर विद्यालय को गौरवान्वित किया। साथ ही 20 छात्रों ने 90% से अधिक अंक अर्जित किए हैं। विद्यालय की डायरेक्टर मेम पुनीत नेहरू कहा कि हमारे विद्यार्थियों ने निरंतर मेहनत और अनुशासन के साथ यह सफलता अर्जित की है। यह पूरे विद्यालय परिवार के लिए गर्व का क्षण है। सभी छात्रों, अभिभावकों और शिक्षकों को बधाई देते हुए कहा कि डीपीएस दुर्ग हमेशा से गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और उत्कृष्ट परिणामों के लिए समर्पित रहा है। छात्रों की यह सफलता इसी प्रतिबद्धता का प्रमाण है। इस उपलब्धि के लिए सभी छात्रों, उनके परिवारों और शिक्षकों को हार्दिक बधाई देते हैं। जिनका इस सफलता में अहम योगदान रहा है।

## विधायक ललित चन्द्राकर ने किया शुभारंभ

# मोबाइल फॉरेंसिक वैन की आधुनिक तकनीक से होगी अपराध की त्वरित और वैज्ञानिक जांच

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई



दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर ने सेक्टर-4, भिलाई स्थित बीएसपी अंग्रेजी माध्यम विद्यालय में अत्याधुनिक मोबाइल फॉरेंसिक वैन का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ पुलिस को आधुनिक और तकनीकी रूप से सक्षम बनाने की दिशा में यह एक महत्वपूर्ण कदम है।

विधायक चंद्राकर ने कहा कि मोबाइल फॉरेंसिक वैन के शुभारंभ से अपराधों की जांच प्रक्रिया और अधिक वैज्ञानिक, त्वरित और प्रभावी होगी। आधुनिक तकनीकों से सुसज्जित यह वैन घटनास्थल पर ही साक्ष्यों के संकलन और परीक्षण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी, जिससे अपराधों के शीघ्र निराकरण में सहायता मिलेगी और दोषियों को जल्द सजा दिलाना संभव होगा। विधायक ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का विजन है कि पुलिस स्मार्ट पुलिसिंग के माध्यम से जनता की मित्र बने। यह वैन उसी दिशा में एक बड़ा कदम है। कार्यक्रम में दुर्ग संभाग आयुक्त सत्यनारायण राठौर, दुर्ग संभाग आईजी अभिषेक शांडिल्य, प्रभारी अधिकारी डॉ. पंकज ताम्रकर, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक विजय अग्रवाल, एडिशनल एसपी सुखनंदन राठौर सहित बड़ी संख्या में पुलिस और जिला प्रशासन के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

## पेज 9 के शेष

### बच्चों को मोबाइल की ...

अनुकरणीय कार्य किया है। सात दिनों तक निःशुल्क प्रशिक्षण देकर बच्चों को संस्कारवान बनाने का जो प्रयास किया गया, वह समाज के लिए प्रेरणादायी है। उन्होंने अभिभावकों से अपील करते हुए कहा कि बच्चों को मोबाइल की लत से दूर रखना समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है। अत्यधिक मोबाइल उपयोग बच्चों की एकाग्रता और लक्ष्य दोनों को प्रभावित करता है। अभिभावकों को चाहिए कि वे प्रतिदिन बच्चों के साथ समय बिताएं, उनकी पढ़ाई और दिनचर्या पर चर्चा करें तथा उन पर अनावश्यक मानसिक दबाव न डालें। बच्चों को खेलने, सीखने और अपनी प्रतिभा विकसित करने का खुला अवसर मिलना चाहिए। कार्यक्रम के दौरान बच्चों और अभिभावकों ने भी अपने अनुभव साझा किए। कक्षा आठवीं की छात्रा वैष्णवी राणा ने बताया कि शिविर से जुड़ने के बाद उसके जीवन में सकारात्मक परिवर्तन आया है। अब वह प्रतिदिन सुबह जल्दी उठती है, माता-पिता का अभिवादन करती है और नियमित दिनचर्या का पालन करती है। वहीं अभिभावक पलक मंजू शर्मा ने कहा कि उनके बच्चों के व्यवहार में आश्चर्यजनक बदलाव देखने को मिला है। बच्चे अब स्वयं समय पर उठते हैं, घर के कार्यों में सहयोग करते हैं और बड़ों का सम्मान करने लगे हैं।

### मन की चंचलता ...

यदि बच्चों को सही मार्गदर्शन, संस्कार और सकारात्मक वातावरण मिले तो वे न केवल अपने परिवार, बल्कि पूरे समाज और राष्ट्र का भविष्य उज्ज्वल बना सकते हैं।

### नशे में धुत युवक ने घर में खड़ी ...

लात मारकर खोल कर अंदर जाकर मोटर सायकल में लगे आग को पानी डाल कर बुझाये। यदि मोटर सायकल में लगे आग को नही बुझाते तो आग घर में फैल कर घर में रखे अन्य सामान भी जल जाता। आग लगने से मेरे मोटर साअकिल पूरी तरफ जल जाने से नुकसान हुआ है।

### बोरी में ठेकेदारी के पैसों ...

मेरे दोनो हाथ की कलाई में चोट लगी है। मेरी जेठानी रामेश्वरी यादव ने ससुर को गाली देने से मना किए तो रामेश्वरी यादव को भी ससुर ने बहुत गाली देकर हाथ मुक्का से मारपीट किये, जिससे रामेश्वरी यादव के बाये हाथ के कलाई में चोट लगने से खून निकलने लगा।

## समस्या : सरकारी दावों के उलट इंडियन ऑयल पंप में डीजल की किल्लत

# 100 लीटर पर 5 लीटर ऑयल खरीदने की बाध्यता, चालकों में भारी आक्रोश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुसुमकसा

पश्चिम एशिया में उत्पन्न परिस्थितियों के बीच छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा राज्य में पेट्रोल और डीजल का पर्याप्त भंडार उपलब्ध है की जानकारी दी जा रही है या वही स्थानीय इंडियन आयल के पेट्रोल पंप में डीजल की आपूर्ति कम होने का फायदा उठाते हुए मालवाहक वाहनों में 50लीटर डीजल लेने पर दो लीटर आइल लेने व 100 लीटर डीजल लेने पर 5 लीटर आइल लेने पर ही डीजल दिए जाने की योजना को लेकर वाहन चालकों सहित मालिको में नाराजगी है।



वहीं उक्त संबंध में इंडियन आयल के पेट्रोल पंप पर उपस्थित कर्मचारी द्वारा जानकारी लेने पर पेट्रोलियम कंपनी से डीजल के साथ आइल देने का दबाव होने की बात कही। वहीं पेट्रोल पंप पर उनके द्वारा दिए जाने वाला आइल ही लेने की बाध्यता बताया गया, तो वह मालवाहक वाहनों में डीजल की मात्रा लिमिट किए जाने से वाहन चालक नाराजगी व्यक्त करते हुए पेट्रोल पंप के कर्मचारियों से उलझने लगे है। मालवाहक वाहनों में भी एक पंप में डीजल की मात्रा लिमिट कर देने व डीजल के साथ आइल लेने की अनिवार्यता किए जाने से मालवाहक वाहन के चालकों के सामने अपने मंजिल तक पहुंचने की चिंता सताने लगी है, वाहन चालकों का कहना है की आइल लेने पर ही डीजल दिए जाने से इतना आइल हम कहा उपयोग करेंगे एवं पेट्रोल पंप में जो आइल उपलब्ध है उसी को लेना है चाहे दिए जा रहे आइल का वर्तमान उपयोग ना हो।

### कोई आदेश नहीं

जिला खाद्य अधिकारी टी एस ठाकुर ने हरिभूमि को बताया की जिला प्रशासन से इस तरह का कोई आदेश जारी नहीं किया गया है। उक्त संबंध में पेट्रोलियम विभाग से जानकारी लेने की बात कही।

## गुरूर-दियाबाती मार्ग का अधूरा संधारण, मुरूम भराई की मांग



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरूर

ग्राम दियाबाती से कंवर मार्ग मे ठेकेदार मरम्मत व शोल्डर में उगे झाड़ियो की सफाई का कार्य कर फिर काम बंद दिए है। जबकि अब तेज ढाल वाले शोल्डर में मुरूम डालकर मरम्मत करने की मांग की जाने लगी है।

प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत कंवर से दियाबाती मार्ग का निर्माण हुआ था। सड़क अभी ठेकेदार द्वारा दी गई 5 साल की गारंटी के तहत संधारण अवधि में है, सड़क में दरारे पड़ने, सड़क के दबने, शोल्डर में झाड़ियो से यातायात प्रभावित होने की समस्या पर समाचार पत्रे के माध्यम से प्रशासन का ध्यान आकृष्ट कराया गया था। समाचारों के प्रकाशन के बाद सड़क के दरारो को भरने का कार्य आरंभ हुआ था जो अभी भी अधुरा है। वही ठेकेदार ने शोल्डर की झाड़ियो की सफाई करा दी है। शोल्डर से झाड़ियों की सफाई होने से शोल्डर की स्थिति अब सामने आ गई है।

शोल्डर में तीखा ढाल है, कही कही तो ढाल 2 फीट तक है। जिससे डामर सड़क से शोल्डर में गाड़ी उतारने पर गाड़ी के पलटने का खतरा है। शोल्डर की स्थिति को देखते हुए उसमें मुरूम डालकर सड़क के बराबर करने की मांग ग्रामीण करने लगे हैं। संधारण अवधि में ठेकेदार को शोल्डर मरम्मत, संधारण का कार्य करना होता है। वही जगह जगह से फट रही सड़क को भी मजबूती से भराई करने की मांग ग्रामीण कर रहे है, क्योकि अभी जिस तरीके से डामर की भराई की गई है उसमें दरारे पूरी तरह भर नहीं पा रही है एवं दरारे फिर से उभरने लगी है।

## खबर संक्षेप



### कौशल प्रतियोगिता में बीएसपी ने जीते 7 पुरस्कार

**भिलाई।** बीएसपी ने नई दिल्ली में आयोजित 36वीं राष्ट्रीय कार्य कौशल प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए राष्ट्रीय स्तर पर अपनी तकनीकी दक्षता और कार्य कौशल का प्रभावशाली प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में बीएसपी के 7 प्रतिभागियों ने विभिन्न तकनीकी व्यवसायों में संयंत्र का प्रतिनिधित्व किया तथा उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल करते हुए सभी प्रतिभागियों ने पुरस्कार प्राप्त किए। बीएसपी की टीम ने कुल 7 पुरस्कार अर्जित किए, जिनमें 3 प्रथम पुरस्कार, 3 द्वितीय और 1 तृतीय पुरस्कार शामिल हैं। प्रतिभागियों ने कारपेंटरी, एवं टर्नर जैसे विभिन्न तकनीकी व्यवसायों में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। कारपेंटरी ट्रेड में राम सजन ने प्रथम पुरस्कार प्राप्त किया, जबकि इलेक्ट्रिशियन ट्रेड में अखिल कुमार राठौर ने प्रथम, फिटर ट्रेड में राजेंद्र कुमार नायक को प्रथम, वहीं इसी ट्रेड में प्रभूचरण जेना ने द्वितीय पुरस्कार अर्जित किया।

### डॉग्स शेल्टर सेक्टर-3 में बांटा अनाज और जरूरी सामान

**भिलाई।** लीनेस क्लब भिलाई ने अपने परमानेंट प्रोजेक्ट के तहत सेक्टर-3 स्थित डॉग्स शेल्टर में अनाज तथा अन्य जरूरतों का सामान वितरित किया। क्लब हर माह शेल्टर की जरूरतें पूछकर वहां सामान पहुंचाता है। शेल्टर में घायल, चोटिल या बीमारियों से संक्रमित डॉग्स को रेस्क्यू कर लाया जाता है। यहां उनका इलाज करवाकर स्वस्थ होने पर वापस छोड़ दिया जाता है। क्लब के इस प्रयास से सैकड़ों बेजुबानों को नई जिंदगी मिल रही है। इस अवसर पर क्लब अर्चना मिश्रा, अध्यक्ष कल्पना श्रीवास्तव, सचिव मनीषा सिन्हा, डॉ. मंजूलता गायकवाड़, संगीता कौरा, स्नेहा शर्मा सहित अन्य सदस्य उपस्थित थीं। क्लब पदाधिकारियों ने कहा कि बेजुबान जानवरों की सेवा ही सच्ची मानव सेवा है। और क्लब आगे भी ऐसे कार्य करता रहेगा। डॉग्स शेल्टर सेक्टर-3 में अनाज व जरूरी सामान वितरण के दौरान लीनेस क्लब भिलाई की सभी पदाधिकारी और सदस्य उपस्थित रहे।

### एनएचएम कर्मचारियों की लंबित मांगों पर हुई चर्चा

**भिलाई।** लोक स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल से छत्तीसगढ़ प्रदेश एनएचएम कर्मचारी संघ के प्रांतीय पदाधिकारियों ने चिरमिरी में मुलाकात की। इस दौरान एनएचएम कर्मचारियों की लंबित मांगों के संबंध में चर्चा हुई। मंत्री ने कर्मचारियों की मांगों को गंभीरता से सुनते हुए उन्हें जल्द पूर्ण करने सहमति प्रदान की। दुर्ग जिला अध्यक्ष डॉ. आलोक शर्मा ने जानकारी दी कि स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल की सहमति और संघ के पदाधिकारियों की उपस्थिति में छत्तीसगढ़ प्रदेश राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन कर्मचारी संघ का प्रदेश स्तरीय महासम्मेलन 14 जून को बलबीर सिंह जुनेजा इंडोर स्टेडियम रायपुर में आयोजित करने का निर्णय लिया गया।

## डिजिटलाइजेशन से कोसों दूर है किसान, प्रचार में कमी बड़ा कारण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

देश के हर राज्य में किसान परेशान है, चाहे खाद हो या उत्पादन। व्यापारी अपने सामनों का मूल्य तो तय कर सकता है लेकिन किसान नहीं। उन्हें पहने उत्पादन का सही कीमत नहीं मिल रहा। राज्य शासन को किसान आयोग का गठन करते हुए किसानी कार्य को उद्योग घोषित करनी चाहिए। उक्त बातें लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास किसान प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष धर्मेन्द्र मिश्रा ने कही।

धर्मेन्द्र मिश्रा ने कहा कि छत्तीसगढ़ प्रदेश को धान का कटोरा कहा जाता है किंतु चिंता का विषय है कि आज किसानों को बदहाल स्थिति का सामना करना पड़ रहा है। कृषि के लिए पार्यप्त भूमि उपलब्ध होने के बावजूद आज कृषि योग्य भूमि का उपयोग रिहायशी और अन्य व्यवसायिक कार्यों के लिए किया जा रहा है, जो चिंता का विषय है। प्रतिदिन हजारों किसान खेती किसानी छोड़कर अन्य रोजगार और व्यवसाय की ओर अग्रसर हो रहे हैं। छग प्रदेश अध्यक्ष शरद पाण्डेय ने कहा कि समितियों और खुले बाजार में डीएपी, यूरिया तथा अन्य सभी प्रकार के उर्वरकों की उपलब्धता सुनिश्चित करने सरकार को स्पष्ट और प्रभावनी नीति बनाए ना चाहिए।

जिन किसानों के पास 5 एकड़ से अधिक कृषि भूमि है उन्हें खाद दो किस्तों के स्थान पर एकमुश्त प्रदान करना चाहिए ताकि खेती कार्य समय पर और सुचारू रूप से हो। साथ ही डीएपी जैसे उर्वरक प्रति एकड़ एक बोरी उपलब्ध कराया जाए। आज सब कुछ डिजिटल हो गया है। कई किसान ऐसे हैं जो इस डिजिटलाइजेशन से कोसों दूर है। इसलिए किसान हितैषी योजनाओं का नाभ प्रत्येक किसान तक पहुंचे इसके लिए व्यापक प्रचार प्रसार की आवश्यकता है।

## उत्पादन से ज्यादा जरूरी है जान

### दल्लीराजहरा लौह अयस्क खदान प्रबंधन ने जारी की हीट वेव एडवायजरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दल्लीराजहरा

लौह नगरी दल्ली राजहरा इन दिनों भीषण गर्मी की चपेट में है। तापमान 44 डिग्री के पार पहुंचने से खदान क्षेत्रों में काम करने वाले श्रमिकों के सामने स्वास्थ्य संबंधी खतरे लगातार बढ़ते जा रहे हैं। ऐसे कठिन हालात में भिलाई इस्पात संयंत्र के लौह अयस्क खदान समूह, दल्ली राजहरा के मानव संसाधन विभाग ने श्रमिकों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए गर्मी से बचाव संबंधी विशेष सलाह जारी की है।

मानव संसाधन विभाग के सहायक प्रबंधक शैलेश पटनायक द्वारा जारी इस जागरूकता संदेश में साफ कहा गया है कि उत्पादन से अधिक महत्वपूर्ण श्रमिकों का जीवन और स्वास्थ्य है। भीषण गर्मी में थोड़ी सी लापरवाही गंभीर परेशानी का कारण बन सकती है, इसलिए सभी श्रमिकों को सतर्कता और सावधानी के साथ कार्य करने की अपील की गई है। जारी संदेश में श्रमिकों से कहा गया है कि गर्मी के



दौरान शरीर में पानी की कमी न होने दें। थोड़ी-थोड़ी देर में पानी पीते रहें और कार्यस्थल पर जाते समय पानी की बोतल साथ अवश्य रखें। इसके साथ ही सीधी धूप से बचाव के लिए सिर को टोपी, हेलमेट अथवा गमछे से ढंककर रखने की सलाह दी गई है।

सलाह में यह भी कहा गया है कि श्रमिक हल्के, सूती और पसीना सोखने वाले कपड़े पहनें ताकि शरीर का तापमान नियंत्रित बना रहे। लगातार कार्य करने के बजाय बीच-बीच में छायादार स्थान पर विश्राम करने की बात भी कही गई है, जिससे शरीर को राहत मिल सके। भीषण गर्मी में शरीर में पानी और लवण की कमी को खतरनाक बताते हुए श्रमिकों को नींबू पानी, छाछ और ओआरएस का नियमित सेवन करने की सलाह दी गई है। विभाग का कहना है कि इससे शरीर में ऊर्जा बनी रहती है और गर्मी के दुष्प्रभावों से बचाव संभव होता है। इसके अलावा यदि किसी श्रमिक को चक्कर आना, अत्यधिक पसीना आना, कमजोरी महसूस होना या बेचैनी जैसी समस्या हो तो तुरंत काम रोककर छाया में आराम करने तथा तत्काल अपने पर्यवेक्षक या संबंधित विभाग को सूचना देने के निर्देश दिए गए हैं। भिलाई इस्पात संयंत्र प्रबंधन की यह पहल स्पष्ट संकेत देती है कि खदानों में कार्यरत हजारों श्रमिकों की सुरक्षा और स्वास्थ्य को लेकर गंभीरता से प्रयास किए जा रहे हैं, ताकि तपती गर्मी के बीच भी कार्य सुचारू और सुरक्षित ढंग से जारी रह सके।

## खपरी सिलोदा में रात्रिकालीन जूनियर कबड्डी प्रतियोगिता



हरिभूमि न्यूज ▶▶ अण्डा

दुर्ग ग्रामीण क्षेत्र के ग्राम खपरी सिलोदा में दिनांक 23 मई को रात्रिकालीन एक दिवसीय जूनियर कबड्डी प्रतियोगिता का भव्य आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में आसपास के विभिन्न गांवों से कुल 30 टीमों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। पूरे आयोजन के दौरान खिलाड़ियों एवं ग्रामीणों में भारी उत्साह देखने को मिला।

प्रतियोगिता का प्रथम पुरस्कार 5001 रुपये नगद एवं विनर शील्ड ग्राम पंचायत की सरपंच अनसुईया नारायण साहू द्वारा प्रदान किया गया। यह पुरस्कार जे.सी.आर. भिलौनी तिल्दा नेवरा टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए अपने नाम किया। द्वितीय पुरस्कार 4001 रुपये नगद एवं विनर शील्ड जनपद सदस्य रसमडा नंदकुमार साहू द्वारा प्रदान किया गया, जिसे जागृति मंडल निकुम की टीम ने प्राप्त किया। तृतीय पुरस्कार 3001 रुपये नगद एवं विनर शील्ड श्री राम मंडल भेडसर टीम को प्रदान किया गया, वहीं चतुर्थ पुरस्कार 2001 रुपये नगद एवं विनर शील्ड शिव जूनियर टीम ढारा रही को दिया गया। प्रतियोगिता के समापन अवसर पर पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित किया गया, जिसमें पूर्व सरपंच नारायण साहू, विजय साहू, राजू साहू, चितरंजन थे साहू, सतीश निषाद एवं इतवारी निषाद सहित अनेक ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

इस सफल आयोजन का संचालन एवं व्यवस्था वंदेमातरम क्रीड़ा मंडल खपरी सिलोदा द्वारा किया गया। ग्रामीणों ने आयोजन समिति की सराहना करते हुए भविष्य में भी ऐसे खेल आयोजनों की अपेक्षा जताई।

## ग्रीष्मकालीन शिविर में निशुल्क रेजिन और मिरर आर्ट सीख रहीं महिलाएं व बच्चे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दल्लीराजहरा

लौह नगरी दल्ली राजहरा में इन दिनों रचनात्मकता, प्रतिभा और हुनर का अद्भुत संगम देखने को मिल रहा है। समाजसेवा और सांस्कृतिक गतिविधियों के लिए पहचान रखने वाले माथुर परिवार ने एक बार फिर प्रेरणादायी पहल करते हुए बच्चों और महिलाओं के लिए पांच दिवसीय निशुल्क ग्रीष्मकालीन कला शिविर का आयोजन किया है।

- दल्लीराजहरा में बिखरे रचनात्मकता के रंग, माथुर परिवार की अनूठी पहल



20 मई से 24 मई तक चल रहे इस शिविर में चार वर्ष के नन्हे बच्चों से लेकर युवतियां और महिलाएं तक मोमबत्ती कला, बोतल सज्जा कला, कलमदान निर्माण, मिट्टी कला, राल कला और दर्पण सज्जा कला जैसी आकर्षक विधाएं सीख रही हैं। शिविर का संचालन कर रहीं नेहा माथुर अपनी अनूठी कला और समर्पण से सभी का दिल जीत रही हैं। उन्होंने बताया कि इन कलाओं को सीखने के लिए उन्होंने सात से आठ वर्षों तक लगातार मेहनत की और स्वयं अभ्यास कर हर विधा में निपुणता हासिल की। उनका उद्देश्य केवल कला सिखाना नहीं, बल्कि बच्चों की रचनात्मक क्षमता को नई दिशा देना है ताकि वे मोबाइल और बेवजह समय गंवाने के बजाय अपने भीतर छिपी प्रतिभा को पहचान सकें। नेहा माथुर ने कहा कि बच्चों को केवल सही मार्गदर्शन और प्रोत्साहन की आवश्यकता होती है। अवसर मिलते ही वे कल्पना से भी बढ़कर प्रदर्शन कर सकते हैं। शिविर में शामिल कई बच्चों ने पहली बार किसी कला गतिविधि में हिस्सा लिया, लेकिन कुछ ही दिनों में उनकी बनाई कलाकृतियां सभी को चौंका रही हैं। बच्चों का उत्साह और आत्मविश्वास लगातार बढ़ता दिखाई दे रहा है।

### सांस्कृतिक गतिविधियों में सक्रिय

राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित वरिष्ठ साहित्यकार डॉ. शिरोमणि माथुर ने कहा कि माथुर परिवार हमेशा सामाजिक, साहित्यिक और सांस्कृतिक गतिविधियों में सक्रिय रहा है। अब परिवार की नई पीढ़ी कला और शिक्षा के माध्यम से समाजसेवा का संदेश दे रही है। उनका मानना है कि यदि बच्चों को सही वातावरण और सकारात्मक दिशा मिले तो वे भविष्य में बड़ी उपलब्धियां हासिल कर सकते हैं। यह शिविर उसी सोच का एक छोटा लेकिन सार्थक प्रयास है। दल्ली राजहरा में आयोजित यह कला शिविर अब बच्चों और महिलाओं के लिए केवल सीखने का केंद्र नहीं, बल्कि आत्मविश्वास, रचनात्मकता और नए सपनों की उड़ान का प्रतीक बन चुका है।

### प्रतिभा की सराहना

इस शिविर की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि यहां सिखाई जा रही कई कलाएं सामान्यतः बड़े शहरों में भारी शुल्क लेकर सिखाई जाती हैं। राल कला जैसे प्रशिक्षण के लिए बाहर हजारों रुपये खर्च करने पड़ते हैं, जबकि यहां न केवल प्रशिक्षण पूरी तरह निशुल्क दिया जा रहा है, बल्कि सभी आवश्यक सामग्री भी निःशुल्क उपलब्ध कराई जा रही है। शिविर में तैयार की गई सुंदर कलाकृतियां बच्चे अपने घर ले जा रहे हैं, जिससे उनके परिवारजन भी उनकी प्रतिभा को देखकर गौरवान्वित महसूस कर रहे हैं। नेहा माथुर द्वारा तैयार की गई कलात्मक वस्तुएं आकर्षण का केंद्र बनी हुई हैं। उनकी सृजनशीलता, मेहनत और समर्पण को देखकर हर कोई उनकी प्रतिभा की मुक्तकंठ से सराहना कर रहा है। पूरे आयोजन में माथुर परिवार का सहयोग और उत्साह भी लगातार बना हुआ है, जिससे यह शिविर केवल प्रशिक्षण तक सीमित न रहकर सामाजिक प्रेरणा का माध्यम बन गया है।

### लू के थपेड़ों से गुजर रही ट्विनसिटी, दुर्ग का पारा 45 डिग्री पहुंचा

भिलाई। शनिवार को ट्विनसिटी का पारा और बढ़ गया। अधिकतम तापमान 45 डिग्री सेल्सियस चला गया है। जो सामान्य से 1.6 डिग्री सेल्सियस अधिक रहा। इस सीजन का यह सर्वाधिक तापमान है। इसके पहले यानी एक दिन पहले शुक्रवार को अधिकतम तापमान 44.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था। न्यूनतम तापमान 26.6 डिग्री सेल्सयस रहा। जो सामान्य से 2.5 डिग्री सेल्सियस माइनस रहा। मौसम विभाग ने दुर्ग संभाग को रेड एलर्ट घोषित किया है। यानी इस 45 डिग्री तापमान के बाद ग्रीष्मलहर चलेगी। पिछले चार दिनों से अधिकतम तापमान लगातार बढ़ रहा है और इसी के साथ ही लू के हालात भी हैं। पारा सर्वाधिक होने की वजह से पूरे दिन गर्म हवाओं के थपेड़ों से शहरवासी परेशान दिखाई दिए। झुलसाने वाली लू से बचने के लिए लोगों ने हेलमेट के भीतर भी मुंह को कपड़े से बांध रखे थे। बिना दस्ताने के दोपहिया वाहन चलाना मुश्किल हो गया। घरों से लोगों का बाहर निकलना मुश्किल हो गया है। भीषण गर्मी ने दोपहर को सड़कें और मार्केट को सूना कर दिया है। लोगों की आवाजाही दोपहर को बंद सी हो गई है।

## बूथ स्तर तक पार्टी विचारधारा पहुंचाने पर

# पहले राष्ट्र, फिर परिवार, अंत में स्वयं के मंत्र से मजबूत होगा हर बूथ : जायसवाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ डौंडीलोहारा

भारतीय जनता पार्टी द्वारा आगामी विधानसभा एवं लोकसभा चुनावों की तैयारियों के तहत संगठनात्मक बैठकों का दौर शुरू हो गया है। इसी क्रम में रविवार को डौंडी लोहारा मंडल अंतर्गत संजारी शक्ति केंद्र की बैठक ग्राम संजारी में आयोजित की गई।






बैठक में राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के पूर्व सदस्य देवेन्द्र जायसवाल मुख्य वक्ता के रूप में शामिल हुए। बैठक को संबोधित करते हुए देवेन्द्र जायसवाल ने कहा कि भाजपा विश्व के सबसे बड़े लोकतांत्रिक संगठन के रूप में स्थापित हो चुकी है और पार्टी का प्रत्येक कार्यकर्ता इसकी सबसे बड़ी ताकत है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में भारत वैश्विक स्तर पर नई पहचान बना रहा है तथा देश आर्थिक रूप से विकसित राष्ट्र बनने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। इन उपलब्धियों और केंद्र व राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को बूथ स्तर तक पहुंचाना प्रत्येक कार्यकर्ता की जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि भाजपा तभी हर बूथ में मजबूत होगी, जब पार्टी की विचारधारा, कार्यक्रमों और सरकार की योजनाओं को घर-घर तक पहुंचाया जाएगा। प्रत्येक कार्यकर्ता को अपने बूथ अध्यक्ष और टीम के साथ मिलकर बैठक, जनसंपर्क एवं घर-घर अभियान के माध्यम से मतदाताओं तक पहुंचना होगा।

### शक्ति केंद्र प्रभारी ने भी किया मार्गदर्शन

उन्होंने "पहले राष्ट्र, फिर परिवार और फिर स्वयं" के मंत्र के साथ 2047 तक विकसित भारत के निर्माण में बूथ स्तर की भूमिका को महत्वपूर्ण बताया। बैठक को शक्ति केंद्र प्रभारी एवं जिला कोषाध्यक्ष हरिश कटझरे ने भी संबोधित किया। इस दौरान मछुआरा प्रकोष्ठ के प्रदेश सदस्य सुरेश केशरवानी, मंडल उपाध्यक्ष सूरजभान साहू, जिला कार्यकारिणी सदस्य गैंदमल भंसाली, शक्ति केंद्र संयोजक संतोष तिवारी, मंडल कार्यकारिणी सदस्य विशेश्वर विश्वकर्मा, मदन तारम, राकेश राणा, चेतन नायक, रमेशर कौशिक, संतोष यादव, हरे इंदौरिया सहित शक्ति केंद्र के सभी बूथ अध्यक्ष एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे।













विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### खेत में खड़ी हार्वेस्टर से बैटरी लाइट व 30 लीटर डीजल पार

**बालोद।** धान कटाई के लिए खेत में रखे हार्वेस्टर से चोरो ने सामानों की चोरी कर ली। जिसके बाद पीड़ित व्यक्ति ने अज्ञात चोर के खिलाफ रिपोर्ट लिखाई है। जिसमे पुलिस ने धारा 303(2) बीएनएस के तहत रिपोर्ट दर्ज कर ली है। ग्राम अरकार थाना सनौद निवासी टीकेन्द्र कुमार साहू 28 वर्ष ने पुलिस को बताया कि 20 मई को रात लगभग उपर खार ग्राम अरकार स्थित अपने खेत में हार्वेस्टर को खड़ी उसकी सफाई कर अपने घर वापस आ गया। प्रतिदिन काम करने के बाद उसी खेत में हार्वेस्टर को खड़ी करता था, 21 मई को सुबह लगभग 08 बजे खेत में गया तो देखा कि हार्वेस्टर मशीन के ट्राला में 03 नग लोहे का जेक राड, 01 नग लोहे का सब्बल, लोहे का ग्रीस गन डिब्बा ग्रीस सहित, 02 नग जेक 1 सादा जेक, 1 प्रेसर जेक, 01 नग बेल्ट, हार्वेस्टर मशीन में बैटरी, लाइट 06 नग, डीजल 30 लिटर, टूल बाक्स जिसमें एक लोहे की हथौड़ी, लोहे का प्लास, चार नग नोज प्लायर, लोहे का शुम्बा, तीन नग लोहे का छिनी, लोहे का रिंग पना, लोहे का फिट पना, लोहे का व्हील पना, पना बाक्स जिसमें लोहे का गोटी सेट 08 नं. से 32 नं. तक, लोहे का रिंग पना 07 नं. से 18 नं. तक, पंखा नहीं था, कोई अज्ञात व्यक्ति मेरी हार्वेस्टर वाहन में लगे उक्त सामानों को चोरी कर ले गया है।

### केवाईसी के बाद भी कार्डधारियों को मिल रहा कम चावल

**कुसुमकसा।** गरीबी रेखा में जीवनयापन करने वाले अनेक राशन कार्ड धारियों के सदस्यों का केवायसी होने के बाद भी शासकीय राशन दुकानों में निर्धारित मात्रा में चांवल आबंटन नही होने के कारण कम मात्रा में चांवल लेना पड़ रहा है तो वहीं लगभग 50 अंत्योदय कार्डधारी को शक्कर का आबंटन नहीं होने के कारण राशन दुकान से शक्कर नहीं मिल पाया है। ग्राम कुसुमकसा के राशन कार्ड धारियों ने बताया की विगत तीन चार माह से उनको कम राशन मिल रहा है। ग्राम के जयंत्री बाई/जीवराखन के राशन कार्ड में छह सदस्य है उनको 42 किलो की जगह 35 किलो चांवल मिल रहा है, सकीना बाई /अब्दुल के राशन कार्ड में तीन सदस्य है उनको 35 किलो की जगह 20 किलो चांवल, दीपा कोठारी/शैलेश के राशन कार्ड में 20किलो, किरण/ प्रवीण के राशन कार्ड चार सदस्य है उनको 20 किलो चांवल मिल रहा है, कार्ड धारियों ने शासन के निर्धारित आबंटन के अनुसार चांवल दिलाने की मांग की है। एपीएल कार्डधारी दो माह से चांवल लेने राशन दुकान का चक्कर लगा रहे है किंतु एपी एल कार्ड धारियों का खाद्यान्न का आबंटन शासन द्वारा जारी नही होने से चांवल नही मिल पा रहा है।

### बीएसपी के मेनगेट के पास से चोरी, गिरफ्तार

**भिलाई।** भट्ठी थाना अंतर्गत बीएसपी के मेनगेट से बाइक चोरी करने वालों को पुलिस ने पकड़ा। 15 अप्रैल को ओटेबंद निवासी राहुल कुमार साहू ने रिपोर्ट दर्ज कराई गई कि 13 अप्रैल की मेनगेट के पास से उनकी बाइक सीजी 24 यू 0379 अज्ञात व्यक्ति ने चोरी कर लिया। जांच के दौरान पता चला कि आरोपी प्रकाश ठाकुर एवं एक अपचारी बालक द्वारा मोटर सायकिल चोरी कर अपने घर में छिपाकर रखा जाता था। इसी क्रम में चोरी की मोटर सायकिल को आरोपी शिवा यादव एवं गौरव कुमार द्वारा खरीदकर उपयोग किया जाना पाया गया। आरोपियों को हिरासत में लेकर पूछताछ करने पर आरोपी प्रकाश ठाकुर ने अपने एक अन्य अपचारी साथी के साथ मिलकर दो अलग-अलग मोटर सायकिल चोरी करना स्वीकार किया।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, केमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्त्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

## आशियाना खो रहे वन्यजीव, मंडराया गंभीर जल संकट

# अंधाधुंध कटाई और अवैध उत्खनन से उजड़ रहे जंगल, गर्म थपेड़ों से जनजीवन बेहाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा


फाइल : फोटो

क्षेत्र में इन दिनों जिस तेजी से वृक्षों की कटाई और अवैध उत्खनन का दौर जारी है, उसने पर्यावरण प्रेमियों और जागरूक नागरिकों की चिंता बढ़ा दी है। कभी हरियाली और घने वनों के लिए पहचाने जाने वाले इस क्षेत्र में अब पेड़ों की अंधाधुंध कटाई से प्रकृति का संतुलन बिगड़ता नजर आ रहा है। जंगल उजड़ रहे हैं और वन्य जीवों का अस्तित्व संकट में पड़ता जा रहा है। सबसे बड़ा सवाल यह उठ रहा है कि क्या इस क्षेत्र में केवल इंसानों का ही अधिकार है? क्या जंगलों में रहने वाले पशु-पक्षी, जलचर और असंख्य जीव-जंतु इस धरती का हिस्सा नहीं हैं? लगातार हो रही कटाई और अवैध उत्खनन से न सिर्फ पर्यावरण को गहरा नुकसान पहुंच रहा है, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए भी बड़ा खतरा खड़ा हो गया है। कभी 45 डिग्री सेल्सियस तापमान केवल रेगिस्तानी राज्यों में सुनने को मिलता था, लेकिन अब अरण्य क्षेत्र भी भीषण गर्मी की आग में तप रहा है। लोगों का कहना है कि जंगलों की अंधाधुंध कटाई और हरियाली खत्म होने का ही परिणाम है कि क्षेत्र में तापमान लगातार नए रिकॉर्ड बना रहा है। जहां पहले ठंडी हवाएं और हरियाली लोगों को राहत देती थीं, वहीं अब गर्म हवाओं और सूखे वातावरण ने जनजीवन को प्रभावित करना शुरू कर दिया है।

सरकार एक ओर "एक पेड़ मां के नाम" जैसे अभियान चलाकर पौधारोपण की बात करती है, लेकिन दूसरी ओर वर्षों पुराने विशाल जंगलों की कटाई पर प्रभावी रोक नहीं लग पा रही। सवाल उठ रहे हैं कि यदि पुराने जंगल ही सुरक्षित नहीं रहेंगे तो केवल पौधे लगाने से पर्यावरण संरक्षण का उद्देश्य कैसे पूरा होगा? क्षेत्र में यह चर्चा भी तेज है कि किसानों से खरीदी गई लकड़ियों का कोई स्पष्ट और आधिकारिक रिकॉर्ड सामने नहीं आ रहा। ऐसे में अवैध कटाई और लकड़ी तस्करी को लेकर कई गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं। किसान चंद पैसों की लालच में अपनी बेशकीमती लकड़ी दलालों को औने-पौने दामों में बेच रहे हैं यदि समय रहते कठोर कदम नहीं उठाए गए तो वह दिन दूर नहीं जब पूरा क्षेत्र धीरे-धीरे वृक्ष विहीन हो जाएगा।

### प्रदूषण और भीषण गर्मी का करना पड़ रहा सामना

वनों की कटाई का सबसे बड़ा दुष्प्रभाव उन बेजुबान वन्य जीवों पर पड़ रहा है जिनका आशियाना यही जंगल हैं। जंगल खत्म होने से नीलगाय, हिरण, पक्षियों सहित कई जीव-जंतु अपने प्राकृतिक आवास खो रहे हैं और विलुप्ति की कगार पर पहुंचते जा रहे हैं। नदियों और जलस्रोतों पर भी इसका प्रतिकूल असर दिखाई देने लगा है। पर्यावरणविदों और सामाजिक संगठनों का कहना है कि यह केवल जंगल बचाने की लड़ाई नहीं, बल्कि आने वाले भविष्य को सुरक्षित रखने की लड़ाई है। यदि आज भी समाज और प्रशासन नहीं चेते तो आने वाले वर्षों में क्षेत्र को गंभीर जल संकट, प्रदूषण और भीषण गर्मी जैसी समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है। अब समय आ गया है कि आम जनता, सामाजिक संगठन और प्रशासन मिलकर जंगल बचाने के लिए आवाज उठाएं। क्योंकि जब जंगल बचेंगे तभी पर्यावरण बचेगा, वन्य जीव बचेंगे और मानव जीवन भी सुरक्षित रह पाएगा।

## झीरम घाटी के शहीदों को दी जाएगी भावभीनी श्रद्धांजलि





हरिभूमि न्यूज ▶▶| दल्लीराजहरा

झीरम घाटी नक्सली हमले में शहीद हुए छत्तीसगढ़ के जननायकों की स्मृति में दल्ली राजहरा में "शहादत दिवस" श्रद्धा, सम्मान और संकल्प के साथ मनाया जाएगा।

छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार 25 मई 2013 को हुए दर्दनाक झीरम घाटी हमले में शहीद स्व. नंदकुमार पटेल, स्व. महेंद्र कर्मा, स्व. उदय मुदलियार सहित सभी दिवंगत कांग्रेस नेताओं को श्रद्धांजलि अर्पित की जाएगी। इसी कड़ी में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी दल्ली राजहरा द्वारा 25 मई 2026, सोमवार को प्रातः 11 बजे ब्लॉक कांग्रेस कमेटी भवन में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन रखा गया है। कार्यक्रम में शहीद नेताओं के छायाचित्र पर पुष्प अर्पित कर उनके संघर्षपूर्ण जीवन, जनसेवा और प्रदेश निर्माण में दिए गए योगदान को याद किया जाएगा। श्रद्धांजलि कार्यक्रम के दौरान गोष्ठी एवं विचार-विमर्श का आयोजन भी किया जाएगा, जिसमें वक्ता झीरम घाटी की घटना को लोकतंत्र पर हुआ बड़ा हमला बताते हुए शहीद नेताओं के विचारों और आदर्शों को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लेंगे। कार्यक्रम में कांग्रेस संगठन से जुड़े विभिन्न प्रकोष्ठों के कार्यकर्ताओं की सहभागिता रहेगी।

ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ने युवा कांग्रेस, छात्र संगठन, महिला कांग्रेस, सेवादल तथा समस्त कांग्रेसजनों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर शहीद नेताओं को श्रद्धासुमन अर्पित करने की अपील की है। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के रतिराम कोसमा ने जानकारी देते हुए बताया कि यह आयोजन केवल श्रद्धांजलि कार्यक्रम नहीं, बल्कि लोकतांत्रिक मूल्यों और जनसेवा के प्रति समर्पण का प्रतीक होगा।

## सिकोसा में कल से लगेगा तीन दिवसीय इंटीग्रेटेड योग शिविर



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

महिला पतंजलि जिला बालोद का बैठक संपन्न हुआ। जिसमें मुख्य अतिथि महिला पतंजलि राज्य प्रभारी जया मिश्रा थी। अध्यक्षता राज्य कार्यकारिणी सदस्या ममता साहू, पतंजलि भारत स्वाभिमान न्यास जिला प्रभारी मुकेश आरदा ने किया। आयोजक महिला पतंजलि जिला प्रभारी मधुमाला कौशल तथा गुण्डरदेही तहसील महिला पतंजलि थी। जया मिश्रा ने कहा संगठन के विस्तार के लिए नियमित योग कक्षा का संचालन करें, योग प्राणायाम से शरीर स्वस्थ रहता है, रोग हो नहीं सकता, इसी क्रम मे सोमवार से तीन दिवसीय इंटीग्रेटेड योग शिविर सिकोसा उच्चस्तर माध्यमिक विद्यालय प्रांगण में आयोजित होगा, योग शिक्षक मधुमाला कौशल एवं मुकेश आरदा रहेंगे।

बैठक में महामंत्री महिला पतंजलि कमला वर्मा, ममता निषाद, शिल्पी सिंह, ममता साहू, सिन्धु देशमुख, सरपंच बिरेतरा तारणी देशमुख, पंचबाई, अमृता यादव, चुन्नी निषाद, किरण मेश्राम, शैल महोबिया, पूनम बारले, भूवनेश्वरी, भारती, ओजस्वी व कार्यकर्ताओं उपस्थित थे।

### युवक के सिर पर लोहे की रॉड से हमला, जिला अस्पताल में भर्ती

**बालोद।** रात में घर का दरवाजा अंदर से बंद करने की बात पूछने पर तीन लोगो ने एक व्यक्ति की पिटाई कर दी। जिसके बाद पीड़ित व्यक्ति ने मारपीट करने वाले तीन लोगो के खिलाफ रिपोर्ट लिखाई है। जिसमे पुलिस ने धारा 115(2), 296, 3(5), 351(3) बीएनएस के तहत रिपोर्ट दर्ज कर ली हैं। ग्राम पडकीभाट निवासी असवन मारकण्डे ने पुलिस को बताया कि रात्रि मे घर के सामने का दरवाजा किसी ने बाहर से बंद कर दिया था।

मै गांव के नीरा यादव को बोल मेरे घर का दरवाजा को खोलने बोला। उस रात्रि घर से बाहर निकला तो घर के पास गांव के राजू निषाद, अघनु निषाद एवं लल्ला महाराज बैठे थे, जिनसे मै पूछा कि कल रात में मेरे घर के दरवाजा को बाहर से कौन बंद कर दिया था, कहने पर तीनो गुस्से में आकर तुम कैसे बोल रहे हो कि हम लोग दरवाजा को बंद किये है, कहकर गाली गलौच कर जान मारने धमकी देकर अघनु निषाद और लल्ला महाराज दोनो हाथ मुक्का से तथा राजू निषाद अपने घर से लोहे के राड से मेरे सिर में मारा, जिससे मेरे सिर से खून निकलने लगा, मारपीट करने से मेरे सिर व बाया हाथ की अंगुली में चोट लगा है। सिर में चोट लगने से जिला अस्पताल बालोद में भर्ती होकर ईलाज कराया।

## जेसीबी से हटाई जा रही खरपतवार कब्जाधारी किसानों को नोटिस




हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

- तांदुला नदी को मूल स्वरूप में लौटाने का महाअभियान शुरू

जिले में कुछ दिनों पूर्व हुए तांदुला ड्रोन सर्वे के बाद तांदुला नदी के पुनर्जीवन का कार्य प्रशासन द्वारा प्रारंभ कर दिया गया है।

जिसके तहत प्रशासन द्वारा तांदुला नदी के आस पास के क्षेत्रे की साफ सफाई भी प्रारंभ कर दी गई है। जिले की जीवन दायिनी तांदुला जलाशन को उसका मूल स्वरूप प्रदान करने के उद्दे"य से जिला प्रशासन द्वारा पूर्व में आईआईटी भिलाई की मदद से ड्रोन सर्वे कराया गया था, जिसके तहत तांदुला नदी को उसके मूल स्वरूप प्रदान करने के लिए आ व श्य क कदमों के संबंध में चर्चा की गई थी। जिसके बाद प्रशासन द्वारा अब जेसीबी के माध्यम से तांदुला नदी के आस पास स्थित विभिन्न खरपतवार व उगे पेड़ पौधो की साफ सफाई का कार्य कराया जा रहा है। जिससे आगे तांदुला को बेहतर स्थिति में लाया जा सके। वही मिली जानकारी के अनुसार तांदुला नदी से लगे कई किसानों को प्रशासन द्वारा नोटिस थमाया गया है तथा उन्हे तांदुला नदी के आस पास स्थिति अतिक्रमित खेत खलिहानों को कब्जा मुक्त करने की बात प्रशासन द्वारा की जा रही है।

## आईटीआई के छात्रों ने भीषण गर्मी में मूक जीवों के लिए बनाया जलकुंड

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दल्लीराजहरा



भीषण गर्मी और लगातार बढ़ते तापमान के बीच जहां इंसान तक बेहाल हैं, वहीं मूक पशु-पक्षियों के लिए पानी की एक-एक बूंद जीवनदान बन गई है।

ऐसे कठिन समय में शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान दल्लीराजहरा के वेल्डर व्यवसाय के प्रशिक्षणार्थियों ने मानवीय संवेदनाओं की अनूठी मिसाल पेश करते हुए घुमंतू पशुओं और पक्षियों के लिए पेयजल टंकी का निर्माण किया है। इस सराहनीय पहल ने मानवता और जीवों के प्रति दया भाव का सुंदर संदेश दिया है। व्यवसाय प्रशिक्षण अधिकारी विरेन्द्र कुमार बघेल एवं टिकेश्वर साहू के मार्गदर्शन में प्रशिक्षणार्थियों ने संस्थान परिसर में जमीन खोदकर उसमें पालिथिन बिछाई तथा पेयजल भरकर पशु-पक्षियों के लिए स्थायी जल व्यवस्था तैयार की। गर्मी से व्याकुल गौमाता को पानी पिलाकर इस पुनीत कार्य की शुरुआत की गई।

परिसर में मौजूद पशुओं ने जैसे ही पानी पिया, वहां उपस्थित सभी लोगों के चेहरे संतोष और आत्मीयता से खिल उठे। प्रशिक्षणार्थियों ने बताया कि वर्तमान समय में भीषण गर्मी के कारण पशु-पक्षी पानी और छांव की तलाश में भटक रहे हैं। जल स्त्रोत सूखने के कारण कई मूक जीव प्यास से दम तोड़ रहे हैं। ऐसे समय में यह छोटा सा प्रयास न केवल जीवों को राहत पहुंचाने का कार्य करेगा, बल्कि समाज में करुणा, सेवा और संवेदनशीलता का संदेश भी फैलाएगा।

## विकास थमा, शोपीस बनीं पानी टंकियां : रतिराम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दल्लीराजहरा

- नगर पालिका की निष्क्रियता के खिलाफ कांग्रेस का हुंकार

ब्लॉक कांग्रेस कमेटी दल्लीराजहरा की मासिक बैठक का आयोजन कांग्रेस भवन में उत्साहपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ। बैठक में संगठन की मजबूती, जनसमस्याओं को लेकर आगामी रणनीति तथा नगर पालिका की कार्यप्रणाली के खिलाफ व्यापक जनआंदोलन की रूपरेखा पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक की अध्यक्षता ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष रतिराम कोसमा ने की। बैठक में उपस्थित कांग्रेसजनों ने एक स्वर में संगठन को जमीनी स्तर पर और अधिक मजबूत बनाने का संकल्प लिया। कार्यकर्ताओं ने कहा कि जनता की आवाज को बुलंद करने तथा नगर की मूलभूत समस्याओं के समाधान के लिए अब निर्णायक संघर्ष का समय आ गया है। आने वाले दिनों में वार्ड स्तर तक जनसंपर्क अभियान चलाकर लोगों को कांग्रेस की नीतियों एवं जनहित के मुद्दों से जोड़ा जाएगा। बैठक को संबोधित करते हुए ब्लॉक अध्यक्ष रतिराम कोसमा ने नगर पालिका की कार्यप्रणाली पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि जब से नगर पालिका में भाजपा समर्थित परिषद बैठी है, तब से दल्लीराजहरा का विकास थम गया है। कांग्रेस शासनकाल में नगरवासियों की पेयजल समस्या दूर करने के उद्देश्य से करोड़ों रुपये की लागत से दो विशाल पानी टंकियों का निर्माण कराया गया था, लेकिन आज वे केवल दिखावे की वस्तु बनकर रह गई हैं। दफाई क्षेत्रों में अब तक नियमित जलापूर्ति शुरू नहीं हो सकी है, जिससे लोगों को भारी परेशानी उठानी पड़ रही है।




### दी उग्र आंदोलन की चेतावनी

उन्होंने आरोप लगाया कि जलावर्धन योजना को पूर्ण कर हर घर तक पानी पहुंचाया जा सकता था, लेकिन लापरवाही और अव्यवस्था के कारण आज भी नए बोर कराने की बातें कही जा रही हैं। नगर की जनता बूंद-बूंद पानी के लिए परेशान है और जिम्मेदार लोग समाधान निकालने के बजाय केवल आश्वासन देने में लगे हुए हैं। कांग्रेसजनों ने चेतावनी दी कि यदि जल्द स्थिति नहीं सुधरी तो नगर पालिका के खिलाफ जोरदार हल्ला बोल आंदोलन शुरू किया जाएगा। बैठक में नगर के विभिन्न वार्डों में बनाए गए सुलभ शौचालयों की बदहाल स्थिति को लेकर भी नाराजगी जताई गई। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि कहीं शौचालयों में दरवाजे नहीं हैं, कहीं नलों में टोटियां गायब हैं तो कई स्थानों पर पानी की टंकियां तक नहीं लगाई गई हैं। करोड़ों रुपये खर्च होने के बावजूद ये शौचालय आम जनता के उपयोग के लायक नहीं हैं और केवल शोपीस बनकर रह गए हैं। कांग्रेसजनों ने इसे सार्वजनिक धन का दुरुपयोग बताते हुए जिम्मेदारों पर कार्रवाई की मांग उठाई।

## खिलाड़ियों को मिलेगा मुफ़्त पौष्टिक आहार

# नि:शुल्क वेटलिफ्टिंग व पावर लिफ्टिंग शिविर का आगाज़

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

- 50 से अधिक खिलाड़ियों ने कराया पंजीयन

जिले के युवाओं में खेल प्रतिभाओं को निखारने और उन्हें सही मंच प्रदान करने के लिए बालोद जिला प्रशासन एवं खेल एवं युवा कल्याण विभाग के तत्वावधान में एक शानदार पहल की गई है। जिले में 21 दिवसीय नि:शुल्क वेटलिफ्टिंग एवं पावरलिफ्टिंग प्रशिक्षण शिविर का भव्य शुभारंभ हुआ है। इस शिविर का मुख्य उद्देश्य स्थानीय युवाओं को खेलों के प्रति प्रोत्साहित करना और उन्हें पेशेवर बारीकियों से अवगत कराना है।

शिविर की शुरुआत से ही स्थानीय युवाओं और खेल प्रेमियों में भारी उत्साह देखा जा रहा है। पहले ही चरण में लगभग 50 से अधिक उभरते हुए खिलाड़ियों ने इस प्रशिक्षण शिविर में अपनी सहभागिता दर्ज कराई है।



### दिग्गज कोच और अतिथियों की रही मौजूदगी

कार्यक्रम के शुभारंभ के अवसर पर कई वरिष्ठ जनप्रतिनिधि और खेल जगत की हस्तियां मौजूद रहीं। विशेष अतिथि के रूप में छत्तीसगढ़ रेड क्रॉस सोसाइटी के अध्यक्ष एवं बालोद जिला पंचायत उपाध्यक्ष टोमन साहू, नगर पालिका के पूर्व सीएमओ रामप्रसाद यादव, नरेंद्र साहू और रितेश कुमार उपस्थित रहे। खिलाड़ियों को सही तकनीक और अनुशासन सिखाने के लिए राष्ट्रीय स्तर की वेटलिफ्टर सुषमा ढीमर, महिला कोच डोमेश्वरी, जिम कोच योगेश्वर सोनकर एवं जिम कोच आकाश मेश्राम बतौर ट्रेनर अपनी सेवाएं दे रहे हैं।

### सेहत और ऊर्जा के लिए 'स्पेशल डाइट' का इंतजाम

वेटलिफ्टिंग और पावरलिफ्टिंग जैसे भारी शारीरिक श्रम वाले खेलों में पोषण का सबसे बड़ा महत्व होता है। जिला प्रशासन और खेल विभाग द्वारा खिलाड़ियों के स्वास्थ्य एवं ऊर्जा का विशेष ख्याल रखा जा रहा है। शिविर में शामिल सभी खिलाड़ियों को प्रतिदिन पोषण आहार के रूप में चना, फल्ली और गुड़ नि:शुल्क प्रदान किया जा रहा है, ताकि खिलाड़ी ऊर्जावान रहकर अपनी प्रैक्टिस पूरी कर सकें।

online Booking:-www.tripuryatra.com

सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
बिलासपुर, रायपुर, दुर्ग, गोंदिया से होकर
स्पेशल ट्रेन से - 19 दिसम्बर से 29 दिसम्बर 2026 (11 दिन)
रामेश्वरम् धाम यात्रा
28 जुलाई, 11 अगस्त, 08 सितम्बर, 29 सितम्बर 2026 (10 दिन)
श्री रामेश्वरम् धाम ज्योतिर्लिंग, श्री तिरूपति बालाजी, श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, मदुरै श्री मीनाक्षीदेवी, श्री कन्याकुमारी, त्रिवेन्द्रम (पद्मनाभ स्वामी)
नोट :- स्पेशल ट्रेन में त्रिवेंद्रम पद्मनाभ स्वामी नहीं रहेगा।
राशि :- स्लीपर 16,500/-, 3 एसी-27,500/-, 2 एसी 32,500/- (+5% GST)
Since-2007
Jai Mata Di
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411